हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

# BA LLB
# BBA LLB
# LLB
# LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- ✓ *Priority program selection*
- ✓ *Access to exclusive scholarship opportunities*
- ✓ *Preferred hostel room allotment*
- ✓ *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- ✓ *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- ✓ *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

RESEARCH
**Ph.D.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

ENGINEERING
**Diploma I B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

- **BBA** (With **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Specialisation in **Game Development with AI**
- Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप



### भाजपा की बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

**अम्बिकापुर।** भाजपा द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे मंडल प्रशिक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संगठन की रीढ़ को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यकर्ता प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और इसे अपने व्यक्तित्व एवं संगठनात्मक दक्षता को निखारने का अवसर बनाएं। पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक विस्तार और सफलता कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण पर आधारित है। उन्होंनें मंडल स्तर तक मजबूत और सक्रिय टीम तैयार करने पर जोर दिया। भाजपा महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशालाएं कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीतियों और कार्यशैली से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। मधुसूदन शुक्ला ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल को भाजपा के शीर्ष पुरूषों में एक पं.रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। जन्मेजय मिश्रा ने भी बैठक को सम्बोधित किया। बैठक का संचालन भाजपा महामंत्री श्रीमती अरूणा सिंह एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय ने किया। बैठक का संचालन भाजपा महामंत्री श्रीमती अरूणा सिंह एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय ने किया। बैठक में वैभव सिंहदेव, निलेश सिंह, संतोष दास, रूपेश दुबे, अंकित जायसवाल, नीरू मिस्त्री, शुभांगी बिहाड़े, प्रिया सिंह विकास कुमार वर्मा, मनोज कंसारी, कमलेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेट्रोल-डीजल में राहत का फायदा मिला तेल कंपनियों को

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल-डीजल को लेकर राहत के दावों पर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोलते हुए इसे पूरी तरह भ्रामक करार दिया है। कांग्रेस का आरोप है कि



जिस राहत का प्रचार किया जा रहा है, उसका जमीनी असर कहीं दिखाई नहीं देता। आम जनता को एक रुपये का भी लाभ नहीं मिला, फायदा तेल कंपनियों को पहुंच रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता आशीष वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री समेत पूरा मंत्री मंडल और पूरी भाजपा कह रही है कि टैक्स कम करने से जनता को राहत मिलेगी तो छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल पर वैट घटा कर लोगो को राहत क्यों नहीं देते। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद आम जनता को कभी उसका लाभ नहीं दिया गया। वर्ष 2014 में जहां पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी लगभग 9-10 रुपए प्रति लीटर थी उसे बढ़ाकर 30 रूपए प्रति लीटर से अधिक तक पहुंचाया गया। इसी दौरान कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से गिरकर कई बार 30-40 डॉलर तक आ गया, लेकिन कीमतें कम करने के बजाय टैक्स बढ़ाकर आम जनता से वसूली की गई। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर कर के जरिए करीब 39 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व जुटाया, लेकिन इसका फायदा आम लोगों को नहीं मिला। फिर इस मुनाफाखोरी का लाभ आखिर किसे मिला। तेल कंपनियां लगातार मुनाफे में रही हैं, लेकिन ऐसा माहौल बनाया जा रहा है मानो उन्हें बचाने के लिए ही टैक्स नीति तय की जा रही हो। राज्य में वैट को लेकर ठोस तुलना रखते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पर 24 प्रतिशत वैट के साथ 1 रूपए प्रति लीटर सेस वसूला जा रहा है, जबकि पड़ोस में उत्तर प्रदेश में यह दर करीब 19.36 प्रतिशत है। साफ है कि छत्तीसगढ़ की जनता पर अधिक टैक्स का बोझ डाला जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब अन्य राज्य कम वैट लेकर जनता को राहत दे सकते हैं, तो छग सरकार ऐसा क्यों नहीं कर रही।

### बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण पूर्ण

**बिश्रामपुर।** रेलवे प्रबंधन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं संरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समपार फाटकों



पर रोड ओवरब्रिज/रेल अंडरब्रिज का निर्माण कर वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने के पश्चात समपार फाटकों को चरणबद्ध रूप से बंद किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिश्रामपुर करंजी स्टेशनों के मध्य कि.मी. 1016/04-05 पर स्थित मानव सहित समपार रेल फाटक संख्या एबी-69 कुमदा रेल फाटक में सुरक्षित सड़क यातायात हेतु रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है,रेलवे प्रशासन द्वारा उपरोक्त रोड ओवरब्रिज से वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराने के उपरांत उक्त समपार फाटक को 5 अप्रैल दिन रविवार की दोपहर 3:00 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है।इस कारण से रेलवे प्रशासन ने आमजनों से अपील किया है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें एवं सड़क यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## बिना बेस ठेकेदार ने बिछा दी डामर की परत

# बनते ही उखड़ने लगी पीएम जनमन योजना की दोनों सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

विशेष संरक्षित पण्डो एवं कोरवा समुदाय के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शासन ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। ठेकेदार सड़क निर्माण में विभाग द्वारा निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं करने से बनने के साथ ही सड़क उखड़ने लगी है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी निर्माण करने का आरोप लगाया है।

**खास बात**
- असकरा मड़वा सरई एवं कुनिया-भुसाखोल सड़क की मिली है स्वीकृति

विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने शासन ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत असकरा से मड़वा सरई एवं ग्राम पंचायत कुनिया से भुसाखोल तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जनमन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। ठेकेदारों ने सड़क का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया है लेकिन गुणवत्ताही निर्माण होने के कारण पैदल चलने पर भी सड़क की गिट्टी उखड़ रही है। दस दिनों पूर्व ठेकेदार द्वारा निर्मित सड़क की एक इंच मोटी परत पूरी तरह उखड़ जा रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने असकरा-मड़वा सरई का निर्माण पेटी कांट्रेक्टर को सौंप दिया है। पेटी कांट्रेक्टर अधिक कमाई के लिए मनमानी पूर्वक सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क निर्माण के लिए दो इंच मोटा गिट्टी मुरूम का आधार तैयार कर डामर की एक इंच मोटी परत बिछा दी गई है। सोशल मीडिया पर सड़क का डामर उखड़ने की वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक दबाव बढ़ने पर ठेकेदार ने गांव के ही कुछ लोगों को अपने पक्ष में तैयार कर लिया है जो सड़क की गुणवत्ता जांच कर उसे गुणवत्तायुक्त बताने का काम कर रहे हैं। ठेकेदार के प्रभाव के कारण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस संबंध में कुछ कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं न ही विभाग के अधिकारी ही कोई कार्रवाई कर रहे हैं। बनने के साथ ही सड़क की गिट्टी उखड़ रही है। यही हाल कुनिया-भुसाखोल सड़क का है। इस संबंध में ग्राम पंचायत असकरा के उपसरपंच विनोद कुमार टोप्पो ने बताया कि जनमन सड़क का निर्माण गुणवत्ताहीन होने के कारण पैदल चलने पर ही सड़क की गिट्टी उखड़ रही है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है।



नवनिर्मित सड़क का डामर उखाड़ते ग्रामीण।

**8 किमी लम्बी है सड़क**

शासन द्वारा असकरा-मड़वा सरई 8 किमी लम्बी सड़क के लिए 448.48 लाख रूपए एवं 5 वर्ष की संधारण राशि 32 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह कुनिया-भुसाखोल की 8.16 किमी लम्बी सड़क के लिए 455.5 लाख एवं 5 साल की संधारण राशि 32.64 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण के लिए विभाग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पहले मिट्टी डालकर रोलर से दबाना है फिर दानेदार उप आधार निर्माण करना है तथा गिट्टी युक्त परत बिछाने के बाद हॉटमिक्स डामर की परत तैयार करना है। ठेकेदार सीधे 2-3 इंच का आधार बनाकर डामर की एक इंच मोटी परत बिछा रहे हैं। सड़क का आधार एवं डामरीकृत परत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

**गड्ढा खोदने से आवागमन हुआ मुश्किल**

कुनिया-भुसाखोल सड़क निर्माण में नालों पर 21 नग पुलिया निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। ठेकेदार ने पुलियों के निर्माण के लिए गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है जिससे ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। मार्ग में पड़ने वाले कुछ नालों से अभी भी पानी बह रहा है जिससे ग्रामीण दूसरे मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। गड्ढा खोदने के बाद कही भी पाइप नहीं डाला गया है। जिस गति से निर्माण चल रहा है पुलियों के तैयार होने में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। पुलियों के तैयार होने तक ग्रामीणों को इसी तरह खतरनाक गड्ढों के बीच से आवागमन करना पड़ेगा।

**दिए हैं सुधार के निर्देश**

ठेकेदारों को गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण करने निर्देशित किया गया है। डामर की परत उखड़ने का वीडियो वायरल होने के बाद निर्माण में सुधार कराया गया है। अब ग्रामीण स्वयं वीडियो बनाकर सड़क की गुणवत्ता को अच्छा बता रहे हैं।

-विकास कौशिक
ईई, पीएम जीएसवाय



## राम नवमी पर निकाली गई शोभा यात्रा, जगह जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रामनवमी के अवसर पर श्रीराम सेवा समिति द्वारा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत मां महामाया मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं दर्शन के पश्चात हुई। इसके बाद यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वार्ड क्रमांक 6 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची तथा वहां से वार्ड क्रमांक 4 के देवगुड़ी मार्ग होकर पुनः मां महामाया मंदिर में पहुंची, जहां झांकियों की आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। वहीं धार्मिक गीतों पर सैकड़ों श्रद्धालु शोभायात्रा के साथ थिरकते नजर आए, जिससे आयोजन में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल एवं नरेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष सिंह, राजेश कुमार पाण्डेय, मनोज अग्रवाल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अशोक अग्रवाल, जिला सघ संचालक मनोज गुप्ता, भाजपा नेता संतोष पाण्डेय, अनिल तिवारी, धर्म जागरण प्रमुख अनिल गुप्ता, व्यवसायी अनिल प्रकाश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, महामंत्री संतोष तिवारी, बबलू यादव, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता आदि मौजूद थे।

### तहसील साहू संघ ने मां बागेश्वरी देवी धाम में श्रद्धालुओं को वितरण किया मीठा प्रसाद एवं पेयजल

**भैयाथान।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कुदरगढ़ स्थित माँ बागेश्वरी देवी दरबार में तहसील साहू संघ द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा हेतु मीठा प्रसाद एवं जलपान का वितरण किया गया। नवमी तिथि पर आयोजित सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को बूंदी प्रसाद एवं शीतल जल उपलब्ध कराया गया। इस सेवा कार्य में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू एवं तहसील साहू संघ के अध्यक्ष सौरभ साहू सहित समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धालुओं को जलपान कराकर सेवा की। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने के साथ ही समाज में एकता और सहयोग की भावना भी सुदृढ़ हुई। तहसील साहू संघ द्वारा निरंतर ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्य किए जाते रहे हैं, जो समाज को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सम्पूर्ण साहू, शिवदयाल साहू, सतेंद्र साहू, रामसेवक साहू, अरविंद साहू, राजेंद्र साहू, राधेश्याम साहू, दिलीप साहू, अनिल साहू, संतोष साहू, रामसूरत साहू, राजेश साहू, जैनेन्द्र साहू, अजय साहू, उमेश साहू, विकास साहू, उत्सव साहू, शैलेश साहू, नीरज साहू, सत्यप्रकाश साहू, प्रवीण साहू, विवेक साहू, संजय साहू, राम साहू, सोमारू साहू, सुरेश साहू, सूर्य साहू, अशोक साहू, तेजी लाल साहू, चंदर देव साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।




### माली मालाकार कल्याण संघर्ष मोर्चा ने राम भक्तों की सेवा

रामानुजगंज। माली मालाकार कल्याण संघर्ष मोर्चा इंडिया फाउंडेशन के बैनर तले झारखंड राज्य के सभी जिले में शरबत पानी फ्रूटी जूस चना गुड़ और रामानुजगंज में भव्य रूप से रामजन्म उत्सव के अवसर पर सभी राम भक्तों को सेवा दिया गया। माली मालाकार कल्याण सिंह, प्रकाश मालाकार, विनोद भगत, सतीश मालाकार, राजेंद्र, सुरेंद्र, पिंटू मालाकार, शशि मालाकार, सुशांत, बबलू सैनी, निशांत सैनी, उमेश मालाकार, सूरज, संजय मालाकार, मुकेश मालाकार, सतीश मालाकार, विनोद मालाकार, मंटू मालाकार, शिवनारायण मालाकार, रंजीत मालाकार, पिंटू, सूरज, वीरेंद्र, जितेंद्र मालाकार, मनु भगत, पंकज मालाकार एवं सभी जिलों से माली मालाकार कल्याण संघर्ष मोर्चा द्वारा भव्य रूप से कार्यक्रम किया गया।



### मुक्तिधाम निर्माण को लेकर विवाद, एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर शुरू कराया कार्य

**रामानुजगंज।** ग्राम जामवंतपुर में मुक्तिधाम के निर्माण को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा विवाद प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सुलझता नजर आया। शासकीय भूमि पर स्वामित्व को



लेकर आपत्ति जताए जाने के कारण निर्माण रुका हुआ था, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी थी। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर एसडीएम आनंद नेताम आज दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने तत्काल निर्माण को पुनः प्रारंभ कराया। इसके तहत मुक्तिधाम की बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू कर दिया गया। एसडीएम आनंद नेताम ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, ग्राम जामवंतपुर निवासी रामकुमार कुशवाहा पिता रघुनाथ कुशवाहा द्वारा निर्माण कार्य में आपत्ति जताई जा रही थी, जिसके चलते कार्य बाधित हो रहा था। इस पर एसडीएम ने संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी देते हुए विवाद समाप्त करने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में संतोष का माहौल है और मुक्तिधाम निर्माण कार्य अब तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद है।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर 450 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

**धौरपुर।** सरगुजा संभाग को कैंसर मुक्त बनाने के उद्देश्य से कैंसर मुक्त सरगुजा महाभियान का शनिवार को शुभारंभ लुण्ड्रा ब्लॉक के बरगीडीह में किया गया। पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन डेवलपमेंट फाउंडेशन, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, रायपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरगीडीह के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित की गई। शिविर में बरगीडीह सहित आसपास के 15 से अधिक गांवों के लगभग 450 संदिग्ध मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच की।

शिविर में बीएमओ डॉ.राघवेंद्र चौबे ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कैंसर की समय पर पहचान एक बड़ी चुनौती है। पुरंजय फाउंडेशन और संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है, जो विशेषज्ञ सेवाएं सीधे गांवों तक पहुंचा रही है। बरगीडीह से इस अभियान की शुरूआत होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंदों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण कार्य है। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ.विवेक पटेल ने कैंसर से बचाव एवं प्रारंभिक पहचान के बारे में बताया। शिविर में 450 संदिग्ध मरीजों की गहन जांच की गई तथा चिन्हित मरीजों को कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर रेफर किया गया जहां उनका इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों का हेल्थ डेटाबेस तैयार किया गया ताकि भविष्य में उनकी जानकारी ली जा सके। इस दौरान डॉ.प्रियंका सिंहदेव, डॉ.प्रतिभा अम्बष्ट सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानिन, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




**सरफेस एरिया की सतह पर पड़ रहा दबाव,हादसा होने की बनी आशंका**

## बलरामपुर भूमिगत खदान के डिपिलरिंग एरिया की सतह पर अवैध निर्माण होने से जमीन धंसने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर 10/12 खदान की अधिग्रहित भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत ने खदान प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है,इस संबंध में बलरामपुर खदान प्रबंधन द्वारा कुम्दा उपक्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रबंधक को औपचारिक पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है,पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत बलरामपुर की भूमि का क्षेत्र, जिसे खनन कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया है, वहां कुछ लोगों के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, चिंताजनक बात यह है कि जिस जमीन के सरफेस पर अवैध निर्माण हो रहा है, उसके नीचे वर्तमान में खदान का डेवलपमेंट और डीपिलरिंग का कार्य जारी है,बताया गया कि उक्त क्षेत्र में पैनल 23 एल और 28 एल में खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

- बलरामपुर खदान प्रबंधन द्वारा कुम्दा उप क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है

विशेषज्ञों के अनुसार डिपिलरिंग के दौरान जमीन के सरफेस में ज्यादा दबाव पड़ने से जमीन के धंसने की आशंका बनी रहती है,ऐसे में सतह पर किसी भी प्रकार का निर्माण न केवल अवैध है,बल्कि वहां रहने वाले लोगों के साथ कोल कर्मचारियों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकता है,खदान प्रबंधन ने अपने पत्र में दर्शाया है कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह अवैधानिक और असुरक्षित है, यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो भविष्य में बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रबंधन ने उप क्षेत्रीय प्रबंधक से आग्रह किया है कि तत्काल कार्रवाई करते हुए इस अवैध निर्माण को शीघ्र रुकवाया जाए, ताकि संभावित जोखिम को टाला जा सके।

## हनुमान मंदिर के नवनिर्माण का शिखर कलश पूजन की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के प्राचीन व पुराने रंगमंच स्थित हनुमान मंदिर के नवनिर्माण के उपरांत शिखर कलश पूजन समारोह व स्थापना सहित हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य आयोजन मंदिर परिसर में होंगे। मारुति सेवा समिति व मंदिर निर्माण समिति के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा, बेदी पूजन, शिखर कलश पूजन, स्थापना, स्तंभ पूजन, सुंदरकांड पाठ, पंच रस अभिषेक, सहस्त्रार्चन, हवन, पूजन, भंडारा, विशाल शोभायात्रा, संकिर्तन, जागरण, सजीव झांकियों व धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

- कलश यात्रा, शोभायात्रा,रात्रि कीर्तन का होगा आयोजन


उल्लेखनीय है कि हनुमान मंदिर के नवनिर्माण को लेकर विगत दो वर्षों पूर्व सेवा संकल्प के साथ प्रारंभ किए गए कार्य को इस वर्ष अंतिम रूप दिया जा रहा है। जो अब आकर्षक व भव्य स्वरूप के साथ अपनी स्थापत्य कला के रूप में नयनाभिराम स्वरूप में आ गया है। ब्राम्हण रामसुवन त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी पप्पु महाराज, गोलु महाराज के सानिध्य में संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। 1 अप्रैल की सुबह श्रीराम मंदिर से हनुमान मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके पश्चात बेदी पूजन, शिखर कलश पूजन, शिखर स्थापना, स्तंभ पूजन, सुंदरकांड पाठ के उपरांत आरती व प्रसाद वितरण होगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 9 बजे से पंच रस अभिषेक, सहस्त्रार्चन, हवन, पूजन व दोपहर 1 बजे से भंडारा एवं शाम 4 बजे बजरंग दल व समितियों द्वारा विशाल व भव्य शोभायात्रा आकर्षक झाकियों के साथ निकाली जाएगी। शाम 7 बजे हनुमान चालिसा पाठ के उपरांत रात्रि 8 बजे से संकिर्तन, जागरण, सजीव झांकियों में नवयुवक दुर्गा मंडल व बाहर के कलाकारों द्वारा भक्ति से ओतप्रोत भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर अजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित तायल, दीपक गोयल, पवन गर्ग, अवधेश गोयल, प्रमोद तायल, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नलिन जिंदल, गौरीश जिंदल, पुनित मित्तल, राहुल अग्रवाल, गोलू जिंदिया सहित बजरंग दल व मंदिर से जुड़े भक्त सक्रिय हैं।



### वाहन की टक्कर से लूना सवार युवक की गई जान

सूरजपुर। उत्तर प्रदेश औरेया सापुर निवासी सूरजपुर मंडी रोड निवासी सिन्टू सिंह आ. सूरत सिंह (32 वर्ष) परिवार के साथ रहता था। 24 मार्च को लूना क्रमांक एक्सजी 29 एई 0437 से घर से निकला था। इसी बीच रात लगभग 7-8 परिजन को सूचना मिली कि सिन्टू का उंचडीह रेलवे फाटक के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी है। जानकारी लगने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल पड़े युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी पीजी कॉलेज में शनिवार को मुहिम फाउंडेशन के सहयोग से यूथ लीडरशिप एवं कम्युनिटी एक्शन सर्टिफिकेट कोर्स अंतर्गत सरगुजा में सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौतियां तथा सामुदायिक स्वास्थ्य में युवाओं की भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई।

सत्र के मुख्य वक्ता सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत गाडेवार ने छात्रों के साथ संवाद करते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया साथ ही एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए आवश्यक मूल्यों की चर्चा की। डॉ.गाडेवार ने सरगुजा जिले के मैनपाट विकासखण्ड के अपने कार्यानुभव साझा करते हुए ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों की वास्तविक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में कार्य करें सामाजिक मूल्यों से कोई समझौता न करें, खास करके समानता ऐसा मूल्य है जिसे हर किसी को मजबूती से अपनाने की आवश्यकता है। डॉ.अभिजीत ने शासकीय मेडिकल कॉलेज, नागपुर से एमबीबीएस तथा लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पब्लिक हेल्थ में एमएससी की उपाधि प्राप्त की है तथा संगवारी संस्था से जुड़े हैं। जो सरगुजा क्षेत्र में सभी के लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। वे 14 वर्षों के अनुभव के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य तंत्र सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में सक्रिय है। प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। सोशन इनोवेशन एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ.दीपक सिंह ने कहा कि यह प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। मुहिम फाउंडेशन के संस्थापक ऋषिकेश ने कहा हम चाहते है कि विद्यार्थी केवल किताबों से ही नहीं, बल्कि मैदान में काम करने वाले लोगों से सीधे सीखें। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरी चर्चा में हिस्सा लिया और प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 भारत की आत्मा कुटुंब एवं परिवार व्यवस्था में निहित - कैलाश




## खबर संक्षेप

### कटकोना में ज्वारे का धूमधाम से विसर्जन



**कटकोना।** कोयलांचल कटकोना नवरात्र के दौरान पूरे नौ दिनों तक शक्ति के देवी की विधि-विधान के साथ आराधना की गई और अंतिम दिन धूम धाम के साथ जवारा विसर्जन की झांकी निकाल कर पूजा -अर्चना जवारा विसर्जन किया गया। जानकारी के अनुसार कोयलांचल कटकोना में नौ दिनों तक माता की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन की झांकी निकाली गई। इसमें झूमते हुए भक्त विसर्जन की झांकी में शामिल हुए और फिर गोबरी जलाशय में विधि-विधान के साथ जवारा को विसर्जित की गई।

### जिले में जल मंदिरों का शुभारंभ

**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त जनपद पंचायतों में जल संरक्षण व संचयन के कार्य किए जा रहे हैं। जन अभियान परिषद् विकासखंड सोहागपुर सेक्टर नंबर 3 सिंहपुर के मंदिर प्रांगण में नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जल मंदिर के शुभारंभ से मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर जिला समन्वयक विवेक पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह, सनथ त्रिपाठी, लवकुश त्रिपाठी, शिवम तिवारी सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### बरदर में बना चेक डैम विकास का उदाहरण

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदर में मनरेगा और डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) के अभिसरण से निर्मित चेक डैम ग्रामीण विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। यह परियोजना न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि रोजगार सृजन और किसानों की आय वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस चेक डैम का निर्माण मनरेगा से 17 लाख रूपए तथा डीएमएफ से 2 लाख रूपए की लागत से किया गया है।

### बालक छात्रावास के लिए 7.14 करोड़ की स्वीकृति

**अनूपपुर।** विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह के सतत प्रयासो से विधानसभा जयसिंहनगर अंतर्गत स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के लिए शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 100 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य के लिए 7.1424 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत दी गई है। यह कार्य विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राईकेरा निवासी तबरून बीबी पति स्व. आरीफ (85 वर्ष) 26 मार्च की शाम 5 बजे चूल्हा में आग जलाकर भोजन बना रही थी जबकि बहू रेशा बाहर काम कर रही थी तभी वृद्धा चीखने चिल्लाने लगी तो बहू अंदर जाकर देखी तो वृद्धा आग की चपेट में आ गई थी। बहू ने किसी तरह आग बुझाने के पश्चात घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### कीटनाशक पीने से महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाग बहार थाना अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी सीता बाई पैकरा पति तपेश्वर पैकरा (37 वर्ष) 26 मार्च की सुबह लगभग 6 बजे अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**कोरिया जिले को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान** अब तक इस मॉडल को 1200 से अधिक किसानों ने अपनाया

# पीएम मोदी ने मन की बात में 5 प्रतिशत जल संरक्षण मॉडल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अपने संबोधन में कोरिया जिले के किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे नवाचार बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसानों ने अपने खेतों में छोटे रिचार्ज तालाब और सोखता गड्ढ़े बनाकर वर्षा जल को खेतों में ही रोकने का प्रभावी उपाय किया, जिससे भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

कोरिया जिले के अभिनव जल संरक्षण मॉडल का उल्लेख किए जाने के बाद जिला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गया है। कोरिया जिले में लागू 5 प्रतिशत मॉडल के तहत किसानों ने अपनी भूमि का पांच प्रतिशत हिस्सा जल संरचनाओं के निर्माण के लिए समर्पित किया। इस पहल में छोटे-छोटे सीढ़ीदार तालाब, डबरियां और सोखता गड्ढे बनाए गए, जिससे वर्षा जल का संरक्षण संभव हो पाया। इस मॉडल को 1200 से अधिक किसानों ने अपनाया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में लगभग 1370 मिमी वार्षिक वर्षा होने के बावजूद भू-आकृतिक परिस्थितियों के कारण जल का तेजी से बहाव होता था। इस कारण भूजल पुनर्भरण सीमित था। आवा पानी झोंकी अभियान के माध्यम से इस समस्या का समाधान खोजा गया और वर्षा जल को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। वर्ष 2026 तक जिले में 20,612 से अधिक जल संरक्षण कार्य पूर्ण या प्रगति पर हैं। इनमें 17,229 कार्य सामुदायिक स्तर पर और 3,383 संरचनाएं मनरेगा के अंतर्गत बनाई गई हैं, इससे रोजगार के अवसर भी बढ़े और जल संरक्षण को गति मिली।








### जनभागीदारी से मिली सफलता


इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता जनभागीदारी रही। महिलाओं ने नीर नायिका और युवाओं ने जल दूत के रूप में जिम्मेदारी निभाई। ग्राम सभाओं के माध्यम से योजनाओं का विकेन्द्रीकरण किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और क्रियान्वयन की प्रक्रिया मजबूत हुई। इससे समुदाय स्वयं इस अभियान का नेतृत्वकर्ता बन गया। वर्ष 2025 में इस अभियान के तहत लगभग 2.8 मिलियन क्यूबिक मीटर जल का भू-जल में पुनर्भरण किया गया, जो सैकड़ों बड़े तालाबों के बराबर है। छग वॉटर बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार जिले में भू-जल स्तर में 5.41 मीटर की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस मॉडल की प्रभावशीलता को दशार्ती है।

### देश भर में मिली पहचान

इस मॉडल को केन्द्रीय स्तर पर भी सराहना प्राप्त हुई है और इसे अन्य राज्यों में लागू करने योग्य बताया गया है, इससे यह स्पष्ट है कि कोरिया मॉडल भविष्य में देश के अन्य जल- संकटग्रस्त क्षेत्रों के लिए मार्गदर्शक बन सकता है, इसके पहले भी मन की बात में सोनहनी शहद का जिक्र कर चुके हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि इस सफलता का मूल आधार जनभागीदारी है। जब समाज स्वयं जल संरक्षण का संकल्प लेता है, तो परिणाम दीर्घकालिक और व्यापक होते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर बूंद को सहेजकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले के ग्रामीणों, किसानों व जनप्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि इन लोगों के समन्वित व प्रयास की वजह से ही यह मॉडल राष्टÑीय फलक पर आया है। जल संरक्षण का कोरिया मॉडल यह सिद्ध करता है कि जब वैज्ञानिक सोच, प्रशासनिक नेतृत्व और जनता की भागीदारी एक साथ आती है, तो किसी भी चुनौती का समाधान संभव है।

शहर में जगह-जगह शीतल पेय की खुली दुकानें

# मौसम: दोपहर में चुभने लगी धूप, पारा बढ़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते शुक्रवार को अपरान्ह अचानक मौसम का मिजाज बदला और जिले के कई क्षेत्रों में कुछ देर की तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई, तब थोड़ी देर के लिए ठंडी हवाएं चली ,लेकिन इसके बाद उमस भरी गर्मी से लोगों को सामना करना पड़ा, इसके बाद से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। इस दिन सुबह से दोपहर तक तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद से फिर से आसमान में हल्के बादलों का डेरा जम गया। मौसम विभाग के अनुसार एक-दो दिन मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई गई है। इस तरह मार्च के महीना में कई बार मौसम ने यू-टर्न लिया, इसके चलते जिस गति से गर्मी बढ़नी चाहिए, उसकी रफ्तार कम हो गई थी। यही कारण है कि मार्च के महीने में अधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन मार्च के अंतिम दौर में अधिकतम तापमान का पारा 35 पार होकर 29 मार्च को 37 तक पहुंच गया। एक-दो दिन मौसम में परिवर्तन के बाद जब आसमान पूरी तरह से साफ होगा तो फिर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही तेजी से तापमान का पारा चढ़ने लगेगा।



**धूप से बचकर चल रहे लोग**

अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने एवं दिन के समय तेज धूप के असर के कारण लोग धूप में निकलने पर अपने चेहरे को ढक्ककर चलने लगे हैं। वर्तमान में ज्यादातर युवतियों के द्वारा धूप में निकलने पर अपने सिर को बांधकर एवं ढक्कर चलते हैं। आने वाले समय में धूप का असर तेज होगा तो हर कोई धूप से बचने का उपाए कर घर के बाहर निकलेंगे।



# आज से शुरु होंगी स्थानीय स्तर की स्कूल परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में स्थानीय स्तर पर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा 30 मार्च से शुरू हो रही है, इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर से समय-सारणी जारी कर दी थी। इसमें संशोधन कर नया समय-सारणी जारी की गई।

जानकारी के अनुसार कक्षा पहली से कक्षा चौथी एवं कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं की वार्षिक परीक्षा 30 मार्च से शुरू हो रही है। कक्षा पहली से चौथी तक की परीक्षा आज से शुरू होकर 7 अपैरल तक संचालित होंगी, जो सुबह 9 से पूर्वान्ह 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं केन्द्रीयकृत 8 वीं की परीक्षा संचालित हो रही है,जो आगामी 6 अप्रैल तक संचालित होगी,जबकि केन्द्रीयकृत 5 वीं की परीक्षा बीते 25 मार्च को ही समाप्त हो गई।

# 446 लाख की लागत से बनेगी तीन किलोमीटर लंबी सड़क

**अनूपपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने विकास कार्यों को नई गति दी।

उन्होंने जनपद पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊरा से कटकोना तक बनने वाली नवीन सड़क का विधिवत भूमिपूजन और शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से निर्मित होने वाली इस सड़क की कुल लंबाई 3.00 किमी है। सरकार ने इस परियोजना के लिए 446 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। इस मार्ग के बन जाने से ऊरा और कटकोना सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय और अन्य प्रमुख केन्द्रों तक पहुंचने में काफी आसानी होगी। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क सुदृढ़ होने से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं भी तेजी से पहुंचती हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है।



### संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों के निराकरण

**अनूपपुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित विशेष अभियान संकल्प से समाधान का कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में शिविर के माध्यम से समापन हुआ। कार्यक्रम में सीईओ जिपं श्रीमती अर्चना कुमारी ने अभियान की उपलब्धियों की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 64,358 आवेदनों में से 64,142 99.66 का निराकरण किया। सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई सेवा पोर्टल के साथ-साथ जनसुनवाई में लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए,ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

# अनिता बनीं जिला संयोजक, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ में रविवार को महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की गईं।

- **विधि प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाना उद्देश्य**

प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंहदेव की सहमति से विधि प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तर पर पार्टी ने नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए अधिवक्ता अनिता तिवारी को विधि प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनके साथ ही अधिवक्ता विमल गुप्ता एवं मृत्युंजय तिवारी को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी संगठन के अनुसार इन नियुक्तियों का उद्देश्य विधि प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनहितकारी बनाना है, ताकि न्यायिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर संगठन अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।

### प्रदेश कार्यसमिति में दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं को मिला स्थान

इस बार विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में जिले को विशेष प्रतिनिधित्व मिला है। लंबे समय से पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं अधिवक्ता आशीष गुप्ता बैकुंठपुर, अधिवक्ता जितेन्द्रनाथ यादव कुड़ेली मंडल को प्रदेश कार्यसमिति में स्थान दिया गया है। दोनों ही अधिवक्ता संगठन के सक्रिय, अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। पार्टी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि नई टीम विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से न्यायिक जागरूकता, जनसेवा और संगठनात्मक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला संगठन की ओर से बधाई प्रेषित की।

**स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल बोले- सुविधाओं में नहीं होगी कोई कमी**

# मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी के बीच आकार ले रहा है मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

कोयला नगरी चिरमिरी और जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ की जनता ने पिछले कुछ वर्षों में राजनीति के दो विपरीत चेहरों को बहुत करीब से देखा है। एक वह दौर था जब सिर्फ बोर्ड लगाकर वाहवाही लूटने की कोशिश हुई और एक आज का दौर है जहां अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की दीवारें खुद विकास की गवाही दे रही हैं।

- **स्वास्थ्य सुविधाओं की बदलने लगी तस्वीर**

पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान चिरमिरी ने एक अजीबोगरीब वाकया देखा था। तत्कालीन विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने आनन-फानन में मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल का बोर्ड तो टांग दिया, लेकिन वह अस्पताल कागजों से बाहर नहीं निकल पाया। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को जब स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी मिली, तो पूरे एमसीबी जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर बदलने लगी। जिस जिला अस्पताल का सपना सालों से अधर में था, उसे न केवल शुरू किया गया बल्कि अब वह पूरी क्षमता के साथ जनता की सेवा कर रहा है।




विकास की इस कड़ी में सबसे बड़ा मील का पत्थर मनेन्द्रगढ़ मेडिकल कॉलेज है। मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी के बीच निर्माणाधीन यह भव्य मेडिकल कॉलेज न केवल इस क्षेत्र को एक नई पहचान देगा, बल्कि यहां के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री की व्यक्तिगत रुचि और लगातार मॉनिटरिंग का ही परिणाम है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम युद्ध स्तर पर जारी है।

### अब मेंटल हॉस्पिटल की बारी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की सक्रियता का ही परिणाम है कि चिरमिरी अब स्वास्थ्य सुविधाओं का केन्द्र बनने जा रहा है। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की सौगात के बाद अब यहां एक अत्याधुनिक मेंटल हॉस्पिटल (मानसिक चिकित्सालय) के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। यह न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे संभाग के मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।

# आयुष्मान आरोग्य शिविरों में हैंड हेल्ड एक्स-रे से जांच

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ 24 मार्च को किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिलेभर में व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग और जांच कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान के तहत 25 मार्च से जिले के चिन्हित हाई रिस्क ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। इस दौरान ग्राम सलका, बरदर और ठग्गांव में विशेष शिविर आयोजित कर कुल 223 लोगों का एक्स-रे किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार 100 दिवसीय अभियान के दौरान जिले के सभी हाई रिस्क ग्रामों में चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में न केवल एक्स-रे जांच की जा रही है, बल्कि संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित किया जा रहा है। अभियान में मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। उनके द्वारा घर-घर जाकर लोगों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग की जा रही है तथा उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों का प्रपत्र तैयार कर निश्चय आईडी बनाई जा रही है, इसके बाद चिन्हित व्यक्तियों का एक्स-रे एवं नाट (न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट) जांच कर टीबी की पुष्टि की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### नई दिशा में बच्चियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**अम्बिकापुर।** नवरात्रि पर सेवा किटी की सदस्यों द्वारा घुमंतु एवं कामगार परिवार की बालिकाओं के प्राथमिक शिक्षा हेतु नई दिशा आवासीय विद्यालय में कन्याओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा किटी की संस्थापिका वंदना दत्ता ने कहा कि सावधानी द्वारा ही हम सुरक्षित रह सकते हैं सेवा किटी की पहल परवाज अंतर्गत बच्चियों को जागरूक किया। बच्चियों ने सुंदर नृत्य, एवं नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। इस दौरान गायत्री अग्रवाल, नीलिमा गोयल, स्मिता तिवारी, संस्था प्रभारी श्रीमती वर्षा उपगड़े एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। बालिकाओं को स्टील की प्लेट एवं फल व मिठाई प्रदान किया गया समिति ने पूर्व में भी संस्था की अधीक्षिका को परिसर की सुरक्षा हेतु बाउंड्री वाल बनवाने का निवेदन किया था जिसका पुनः स्मरण कराया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। बाग बहार थाना अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी सीता बाई पैकरा पति तपेश्वर पैकरा (37 वर्ष) 26 मार्च की सुबह लगभग 6 बजे अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी सुमित सिंह आ. राम प्रकाश सिंह (20 वर्ष) गत दिन ग्राम परसापाली निवासी दोस्त निकेश के साथ बाइक से घूमने निकले थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम धनोरा मोड़ के समीप पहुंचे तभी युवक ने बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को तत्काल दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने सुमित सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर रात लगभग 9.52 बजे आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### मुख्यमंत्री फैलोशिप योजना के लिए आवेदन 31 तक

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी। यह फेलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन कैट स्कोर, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

## महिला लंबे समय से कर रही थी ब्राउन शुगर की बिक्री

# भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार, गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- नशीले इंजेक्शन के दो सप्लायर भी चढ़े हत्थे

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को आज उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब दर्रीपारा कि कुख्यात ब्राउन शुगर विक्रेता शोभा कुशवाहा उर्फ गुड़िया को न सिर्फ भारी मात्रा में नशीली इंजेक्शन गिरफ्तार किया बल्कि नशीले इंजेक्शन सप्लाई करने वाले दो और लोगों को गिरफ्तार किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी शोभा कुशवाहा उर्फ गुड़िया के घर बीती रात बड़ी संख्या में नशीला इंजेक्शन बिक्री के लिए मंगाया गया है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने उड़नदस्ता टीम के साथ शोभा कुशवाहा उर्फ गुड़यि के घर दबिश देने पहुंची तो सरकारी वाहन देख गुड़िया एक झोला लेकर भागने का प्रयास करने लगी तभी महिला सैनिक द्वारा दौड़ाकर पकड़ा लिया। गुड़िया के पास रखे झोले की तलाशी लेने पर उसमें से कुल 178 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गुड़िया ने बताया कि वह नशीला इंजेक्शन मोहल्ले के ही मनु श्रीवास्तव एवं सुंदर लाल कुर्रे के पास से खरीदकर लाई थी। गुड़िया के बयान पर टीम ने नशीले इंजेक्शन के सप्लायर मनु श्रीवास्तव एवं सुंदरलाल कुर्रे को भी गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने तीनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारू राम, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पाण्डेय, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता व महिला सैनिक चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रही।



पकड़े गए आरोपी।



जब्त नशीले इंजेक्शन।

### ब्राउन शुगर बिक्री के मामले में कई बार जा चुकी है जेल

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि दर्रीपारा निवासी शोभा कुशवाहा उर्फ गुड़िया लगभग 15-20 साल से ब्राउन शुगर बेचने का काम करती आ रही है। आजकल वह ब्राउन शुगर की जगह नशीला इंजेक्शन बेच रही थीं। मुखबिर की सूचना पर एक दो बार छापामार कार्रवाई की गई लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी परंतु आज सफलता हाथ लगी। शोभा कुशवाहा पहले भी कई बार ब्राउन शुगर के मामले में जेल जा चुकी है। शोभा कुशवाहा उर्फ गुड़िया से पूछताछ करने पर कि उसने यह नशीला इंजेक्शन किसी से खरीद कर लाई थी। महिला के निशानदेही पर दर्रीपारा निवासी मोनू श्रीवास्तव एवं सुंदर लाल कुर्रे को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

### कार्रवाई जारी रहेगा

जिले सहित संभाग में नशीले इंजेक्शन के अलावा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध धर पकड़ की कार्रवाई लगातार की जा रही है। कार्रवाई से शहर में काफी हद तक नशीले इंजेक्शन के कारोबार पर अंकुश लगा है। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

# दिल्ली एवं कोलकाता की एयर कनेक्टिविटी की सुविधा से सरगुजा के विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- सांसद ने कहा आवागमन सुविधाओं का विस्तार पहली प्राथमिकता

किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए महानगरों तक आवागमन की सुविधा होना आवश्यक है। एयर कनेक्टिविटी के साथ ही ट्रेन सुविधाओं के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम अब सामने आ रहा है। एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सरगुजा को महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है तथा आगामी 30 मार्च से दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ होने जा रही है। यह सरगुजा संभाग के लोगों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उक्त बातें सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि आवागमन की दृष्टि से सरगुजा में यात्री सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है तथा इसके लिए लगातार पहल की जा रही है। क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए उनकी पहल पर शासन द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी की लापरवाही के कारण यह बीच में ही बंद हो गई। एयर कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए केंद्रीय विमानन प्राधिकरण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संवाद कर रहे थे। उन्होंने सरगुजा के लिए इस महत्वपूर्ण पहल के लिए संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। सांसद ने कहा कि दिल्ली एवं कोलकाता के लिए सीधी उड़ान सेवा प्रारंभ होने से सरगुजा में पर्यटन का तेजी से विकास होगा साथ ही क्षेत्रवासी आसानी से कम समय में महानगरों का सफर तय कर सकेंगे। क्षेत्रवासियों को उद्योग, व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सीधा लाभ मिलेगा उन्होंने बताया कि 30 मार्च को शुरू हो रही हवाई जहाज से वे दिल्ली का सफर करेंगे तथा संसद सत्र में भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली एवं कोलकाता की उड़ान सेवा प्रारंभ होने के बाद बनारस, पटना, रांची आदि शहरों को भी एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने की पहल की जाएगी। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि ट्रेन सुविधा विस्तार के लिए भी वे लगातार पहल कर रहे हैं। अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन विस्तार की फाइल नीति आयोग के पास भेजी गई है। नीति आयोग की स्वीकृति के बाद वित्त मंत्रालय अपनी स्वीकृति प्रदान करेगा जिसके बाद कैबिनेट इसकी स्वीकृति देगी। तीन महीने में इस रेल परियोजना को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि दिल्ली ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने, बिश्रामपुर में इसका ठहराव करने एवं पैंट्री कार जोड़ने, शहडोल-नागपुर ट्रेन का विस्तार नागपुर तक करने, अम्बिकापुर से रायपुर के लिए इंटरसिटी ट्रेन चलाने सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की गई है। इस संबंध में रेल मंत्री से कई बार चर्चा भी हुई है। उन्होंने संत गहिरा गुरू विवि को केंद्रीय विवि बनाने के लिए भी आवश्यक पहल करने की बात कही।

# भारत की आत्मा कुटुंब एवं परिवार व्यवस्था में निहित - कैलाश

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

### आरएसएस शताब्दी वर्ष पर जनगोष्ठी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरिया जिले की प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन 28 मार्च को बैकुंठपुर स्थित दिव्यलोक में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक संपन्न हुआ।

इस गोष्ठी में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों को लगभग 40 श्रेणियों में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करना, स्थानीय सामाजिक मुद्दों पर सज्जनशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय विषयों पर सार्थक चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख केन्द्र भोपाल कैलाश चंद्र उपस्थित रहे। मंच पर जिला सह संघ चालक नरेश सोनी एवं नगर संघचालक रविकांत गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। प्रस्तावना हिमांशु अवस्थी द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र ने चरित्र की पवित्रता पर जोर देते हुए कहा कि भारत की आत्मा उसकी कुटुंब एवं परिवार व्यवस्था में निहित है। यदि यह व्यवस्था कमजोर होती है, तो देश अपनी मूल पहचान खो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव विश्व शांति और कल्याण की भावना से प्रेरित रही है।

उन्होंने समाज के समक्ष पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख बिंदु नागरिक कर्तव्यबोध, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को अपनाने का आह्वान किया। गोष्ठी के दौरान उपस्थितजन ने संघ से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाएं भी रखीं, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में नरेश सोनी ने आभार व्यक्त किया और वंदे मातरम के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# भुगतान नहीं होने से भड़का ठेकेदारों का आक्रोश, घेरा पीएचई कार्यालय

**अम्बिकापुर।** जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का भुगतान लंबित रखने के साथ ही कमीशन मांगने से परेशान ठेकेदार द्वारा दी गई आत्मदाह की चेतावनी के बाद ठेकेदारों का आक्रोश भड़क उठा। जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने शनिवार को पीएचई कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान उन्होंने उप अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। इसके साथ ही उन्होंने टेंडर व कार्य पूर्णता के बाद नियमों में बदलाव कर ठेकेदारों को परेशान किए जाने की भी बात कही है जिससे जल जीवन मिशन का काम प्रभावित हो गया है।

बता दें कि 27 मार्च को रजनीकांत अग्रवाल ने कलेक्टर सरगुजा के नाम ज्ञापन सौंपकर 30 मार्च को आत्मदाह की चेतावनी दी थी। ठेकेदार का आरोप है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड अंबिकापुर में जल जीवन मिशन के तहत उसके द्वारा 65 लाख रूपए के कार्य कराया गया है और काम लगभग पूर्ण हो चुका है लेकिन अब तक महज 22 लाख रूपए का ही भुगतान किया गया है। ठेकेदार ने पीएचई के उप अभियंता धर्मेंद्र सिंह पर कमीशन मांगने और कमीशन नहीं देने पर ब्लैक मेलिंग का आरोप भी लगया है। इस घटना के बाद हडकंप मच गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर पीएचई ईई ने उप अभियंता के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है और मामले की जांच शुरू हो गई है। इस बीच दोपहर में जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों ने पीएचई कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान ठेकेदारों ने पीएचई उप अभियंता व अन्य अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि उप अभियंता द्वारा लखनपुर क्षेत्र में काम करने वाले सभी ठेकेदारों का भुगतान जानबूझ कर लंबित रख गया है। इस दौरान ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल, धनंजय तिवारी, भीमराज गर्ग सहित अन्य ठेकेदारों ने बताया कि उनके खाते एनपीए हो गए है और आर्थिक स्थिति खराब है।



### स्टीमेट के बाहर बनाए जा रहे नियम

ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि भुगतान की बात करने पर अधिकारी स्टीमेट को ही गलत बता रहे है और स्टीमेट के अनुरूप भुगतान नहीं कर रहे है। ठेकेदारों का कहना है कि स्टीमेट बनाने का काम विभाग और अधिकारियों ने किया तो यदि स्टीमेट गलत भी है तो यह उनकी गलती नहीं है। एग्रीमेंट के बाहर जाकर नए नए नियम बनाए जा रहे है और ठेकेदारों का पैसा काटा जा रहा है। 2 करोड़ रूपए के टेंडर को 1.75 करोड़ रूपए कर दिया गया और इसमें भी 70 प्रतिशत ही भुगतान का नियम लगा दिया गया है। ठेकेदारों का कहना है कि स्टीमेट बनाते समय विभाग ने नहीं देखा कि उस स्थान पर पानी का स्त्रोत है या नहीं और अब टंकी बनने के बाद ठेकेदारों को प्रताड़ति किया जा रहा है। ठेकेदार भीमराज गर्ग ने बताया कि उन्होंने लखनपुर मांजा क्षेत्र में 2.15 करोड़ का काम किया लेकिन भुगतान 1 करोड़ ही हुआ। इसके साथ ही क्षेत्र में भारत माला सड़क बनने से सारे स्टैंड पोस्ट और पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गये। उन्होंने इस संबंध में आवेदन दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## चार श्रम संहिताओं के खिलाफ 1 अप्रैल को देशभर में मनेगा काला दिवस

**बिश्रामपुर।** सेन्ट्रल ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र केंद्रीय फेडरेशनों एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर 1 अप्रैल को पूरे देश में काला दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, यह विरोध केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही चार नई श्रम संहिताओं के खिलाफ आयोजित किया जा रहा है, जिसे श्रमिक संगठनों ने अपने अधिकारों पर बड़ा खतरा बताया है,कोयलांचल क्षेत्र बिश्रामपुर समेत एसईसीएल के सभी खदान क्षेत्रों,वर्कशॉप और कार्यालयों में इस आह्वान का व्यापक असर देखने को मिलेगा,यहां कार्यरत हजारों की संख्या में कोल कर्मचारी काले बैज और काली पट्टी बांधकर काम करते हुए अपना विरोध दर्ज कराएंगे,श्रमिक संगठनों के अनुसार नई श्रम संहिताओं के लागू होने से कर्मचारियों के पारंपरिक अधिकारों में कटौती की आशंका है,उनका कहना है कि इससे स्थायी रोजगार की सुरक्षा कमजोर हो सकती है,ठेका प्रथा को बढ़ावा मिल सकता है,काम के घंटे और शर्तों में बदलाव संभव है,ट्रेड यूनियनों की ताकत पर असर पड़ सकता है। यूनियन नेताओं का आरोप है कि इन कानून को बिना व्यापक सहमति के लागू किया जा रहा है,जिससे मजदूरों के हित प्रभावित होंगे,बिश्रामपुर क्षेत्र के कोयला खदानों में भी इस बार विरोध का तरीका अलग और प्रतीकात्मक होगा,कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर काम जारी रखते हुए काले बैज और पट्टियां पहनेंगे,बताया गया कि सुबह की शिफ्ट से ही यह विरोध शुरू हो जाएगा, जिसमें मजदूर, तकनीकी कर्मचारी, अधिकारी और यूनियन पदाधिकारी शामिल होंगेइस सम्बन्ध में पिछले कुछ दिनों से विभिन्न श्रमिक संगठनों की लगातार बैठकें हो रही हैं।

## बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान की आशंका

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गईं। इस बेमौसम वर्षा का असर जनजीवन पर भी देखा गया। अचानक हुई बारिश के कारण बाजार में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। कई दुकानदारों को अपनी दुकानों का सामान बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# देशभर से आए खिलाड़ियों ने दंगल कुश्ती में दिखाया अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत सरगुजा जिले में कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। सरगुजा को खेलो इंडिया के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका मिला। इस दौरान गांधी स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में 30 राज्यों के 144 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में जीतने वाले खलाड़ी अब फाइनल मुकाबले के लिए चयनित हुए है।

बता दें कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के चौथे दिन सरगुजा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुरुआत के साथ ही पहले दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। युवा पहलवानों ने अपनी तकनीक एवं रणनीति का जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष फ्रीस्टाइल सीनियर में 74 किलोग्राम भारवर्ग में जम्मू कश्मीर के मुनैर हुसैन एवं महाराष्ट्र के विक्रम साहेबराव पवार ने विभिन्न पड़ाव में जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह बनाई। इसी प्रकार फ्रीस्टाइल सीनियर में 125 किलोग्राम भारवर्ग में तेलंगाना के बनोथ विनोदकुमार एवं महाराष्ट्र के विनोद यशवंत सलकार विजेता रहे, जिनके बीच आगे फ़ाइनल मुकाबला होगा। ग्रीको रोमन सीनियर 67 किलोग्राम भारवर्ग में गुजरात के वसावा मुकेशभाई एवं झारखंड के अंजीतकर मुंडा तथा 97 किलोग्राम भारवर्ग में हिमाचल प्रदेश के नवीश कुमार एवं जम्मू कश्मीर के शमा हुन के बीच आगे फ़ाइनल मुकाबले होंगे। विभिन्न राउंड में विजेता रहीं महिला सीनियर 50 किलोग्राम भारवर्ग में झारखण्ड की पूनम ओरांव एवं तेलंगाना की के.गीता के बीच फाइनल मुकाबले होंगे। महिला सीनियर 62 किलोग्राम भारवर्ग में असम की देबी दैमारी एवं हिमाचल की प्रियंका चौधरी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। बता दें कि 28 से 31 मार्च तक चलने वाले इन मुकाबलों को प्रतिदिन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा।

## रेलवे स्टेशन सड़क का चौड़ीकरण कराने से मिलेगी जाम से राहत, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिलकर रेलवे स्टेशन की सड़क का चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण एवं पृथक पहुंच मार्ग विकसित करने की मांग की है। श्री तिवारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्टेशन परिसर में मार्ग चौड़ीकरण सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। वॉशिंगपीट का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त प्लेटफार्म एवं स्टेबलिंग लाइन के पूर्ण होने के पश्चात स्टेशन की क्षमता एवं रेल कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। भविष्य में अन्य प्रदेशों तक फाइनल लोकेशन सर्वे के अनुरूप नई लाइन निर्माण, यात्री गाड़ियों की संख्या बढ़ने के साथ यात्रियों की आवाजाही में भी वृद्धि होगी। स्टेशन परिसर के बार से मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग तक जाने वाला संपर्क मार्ग अत्यंत व्यस्त एवं संकीर्ण है। ट्रेन के आगमन के समय वाहनों की अत्यधिक भीड़ एवं अव्यवस्थित यातायात के कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रेलवे स्टेशन से मनेंद्रगढ़ रोड तक की सड़क का चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कर टू-लेन मार्ग विकसित करने दोनों दिशाओं में निर्बाध आवागमन संभव होगा। इसके अतिरिक्त स्टेशन के पश्चिमी किनारे स्थित रेलवे क्वार्टर के आगे से मनेन्द्रगढ़ रोड तक लगभग 15 फीट चौड़ा मार्ग है।

